हुए आते हैं और इस प्रकार उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करते हैं ; और

(ग) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) पश्चिम बंगाल सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार कलकत्ता शहर के भीतर और कलकत्ता के उपनगरों में किसी सार्वजनिक स्थान में किसी व्यक्ति द्वारा लाठियां, भालों तथा अन्य आक्रमणात्मक हथियारों के ले जाये जाने पर प्रतिबन्ध लगाते हुए कलकत्ता पुलिस आयुक्त ने एक आदेश जारी किया है ।

(ख) और (ग). राज्य सरकार से तथ्य मालूम किये जा रहे हैं ।

नक्सलवादियों द्वारा हथियार उठाने का आह्वाहन

7372. **श्री रमेश चन्द्र व्यास** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्च के अन्तिम सप्ताह में मदुरै में हुई एक सार्वजनिक सभा में नक्सलवादी साम्यवादी दल के कुछ नेताओं ने मजदूरों तथा शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार पाने के लिए हाथों में हथियार उठाने को कहा है और यह भी कहा है कि वास्तविक जनता की सरकार बल द्वारा ही स्थापित की जा सकती है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का विचार इन व्यक्तियों के विरुद्ध जो इस प्रकार गरीबी मजदूरों को भड़काते है, क्या कार्यवाही करने का है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल : (क) तथा (ख). राज्य सरकार से तथ्य मालूम किये जा रहे हैं ।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग (इलाहाबाद द्वारा आयोजित परीक्षाओं को मान्यता

7373. **श्री जगेश्वर यादव** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग (इलाहाबाद) द्वारा कौन-कौन सी विभिन्न परीक्षाएं आयोजित की जाती है और क्या पुरुषों तथा स्त्रियों के लिए अलग-अलग परीक्षाएं ली जाती हैं ;

(ख) क्या इस सम्मेलन द्वारा आयोजित परीक्षायें हाई स्कूल तथा इन्टरमिडिएट शिक्षा बोर्ड, उत्तर प्रदेश से मान्यता प्राप्त हैं ; और

(ग) इस सम्मेलन की कौन-कौन सी परीक्षायें उपरोक्त बोर्ड की कौन सी परीक्षाओं के समान मान्यता प्राप्त हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जहां तक इस मन्त्रालय में सूचना उपलब्ध है, हिन्दी साहित्य सम्मेलन निम्नलिखित परीक्षायें आयोजित करता है :—

प्रथमा, मध्यमा, (विशारद), उत्तमा (साहित्य रत्न); साहित्य महोपाध्याय; उपवैध, वैद्य विशारद; आयुर्वेद रत्न; कृषि विशारद; शिक्षा विशारद; सम्पादन कला विशारद; शीघ्र लिपि प्रथमा शीघ्र लिपि विशारद; और लिपिक ।

हमारे पास उपलब्ध सूचना के अनुसार पुरुषों और स्त्रियों के लिए अलग से परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाती हैं ।

(ख) और (ग). यह सूचना मंत्रालय में उपलब्ध नहीं है ।

Casino-Cum-Night Club at Vagator in Goa

7374. SHRI BABURAO PATEL : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Goa Government have received some proposals